# डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर मुख्यमंत्री साय ने किया नमन




## सामाजिक न्याय, समानता और समरस समाज के निर्माण का लिया संकल्प

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, विधायक रोहित साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके उत्थान के लिए समर्पित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि हम समाज में समरसता, न्याय और समानता के मूल्यों को सशक्त करें और अंतिम व्यक्ति तक विकास के लाभ सुनिश्चित करें।उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा एक न्यायपूर्ण, समरस और सशक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# नारी शक्ति की भागीदारी से मजबूत होगा लोकतंत्र : मुख्यमंत्री साय




रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों, विधानसभा सदस्यों तथा महिला संगठनों को पत्र लिखकर सक्रिय सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। उन्होंने 16 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा को देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण और निर्णायक क्षण बताते हुए कहा है कि यह मातृशक्ति को लोकतांत्रिक संस्थाओं में समुचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अवसर है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सांसदों को लिखे अपने पत्र में उल्लेख किया है कि 16 अप्रैल 2026 को संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर प्रस्तावित चर्चा देश के लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अवसर है। वर्ष 2023 में संसद द्वारा इस अधिनियम को सर्वसम्मति से पारित किए जाने को लोकतंत्र की एकजुटता और महिला सशक्तीकरण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सांसदों से आग्रह किया कि वे वर्ष 2029 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों से पूर्व इस अधिनियम को प्रभावी रूप से लागू करने के विषय में सकारात्मक और सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि मातृशक्ति को उनका समुचित अधिकार शीघ्र प्राप्त हो सके।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के सभी विधायकों को लिखे गए पत्र में उल्लेख किया है कि अब समय आ गया है कि महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'मातृशक्ति के नेतृत्व में सशक्तीकरण' का यह अभियान देश के समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों से अपेक्षा की कि है कि वे महिला आरक्षण के समर्थन में छत्तीसगढ़ की आवाज को सशक्त करें तथा इस विषय पर होने वाली चर्चा में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सकारात्मक वातावरण के निर्माण में अपना योगदान दें।

मुख्यमंत्री साय ने महिला संगठनों को लिखे अपने पत्र में महिला संगठनों के निरंतर प्रयासों और योगदान की सराहना करते हुए कहा है कि महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने उल्लेख किया कि 16 अप्रैल को संसद में होने वाली चर्चा केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों से पूर्ण रूप से सशक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। साथ ही यह लोकतंत्र को और अधिक समावेशी एवं संवेदनशील बनाने का अवसर है।

मुख्यमंत्री साय ने उल्लेख किया कि यह सुखद संयोग है कि यह महत्वपूर्ण चर्चा ऐसे समय में हो रही है जब छत्तीसगढ़ में 'महतारी गौरव वर्ष' मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सदैव महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और छत्तीसगढ़ विधानसभा में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी इसका प्रमाण है। स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किए जाने तथा 'महतारी वंदन योजना' और 'रानी दुर्गावती योजना' जैसी पहल के सकारात्मक परिणाम आज स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने महिला संगठनों से आह्वान किया कि वे 16 अप्रैल को होने वाली इस ऐतिहासिक पहल के समर्थन में अपने-अपने मंचों से मुखर होकर आवाज बुलंद करें, ताकि महिला आरक्षण के पक्ष में देशव्यापी सकारात्मक वातावरण तैयार हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला संगठन केवल इस परिवर्तन के साक्षी ही नहीं, बल्कि इसके निर्माण में भागीदार भी बनेंगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और महिला संगठनों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर एकजुट होकर महिला आरक्षण के समर्थन में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करें और संसदीय चर्चा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से यह पहल न केवल सफल होगी बल्कि देश के लोकतंत्र के सशक्तीकरण की दिशा में एक नए युग की शुरुआत करेगी।

# मयूरभंज आश्रम स्कूल में छात्रा की मौत पर प्रधानाध्यापक निलंबित, मुख्यमंत्री ने ३ लाख रूपये की सहायता राशि की घोषणा की



भुवनेश्वरः मयूरभंज जिले की रसगोबिंदपुर तहसील में स्थित काकाबन्ध आश्रम स्कूल के हॉस्टल में कथित तौर पर फूड पॉइजनिंग (भोजन विषाक्तता) के कारण एक छात्रा की मौत के बाद, स्कूल के हेडमास्टर को निलंबित कर दिया गया है।

मृतक छात्रा की पहचान रूपाली बेसरा के रूप में हुई है, जो रसगोबिंदपुर तहसील के दुर्गा बेसरा की बेटी थी।

इस बीच, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रूपाली की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतक के शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

शोक संतप्त परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री मोहन माझी ने मृतक के निकटतम परिजनों के लिए श्मुख्यमंत्री राहत कोषश (ब्डत्थ्) से 3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि सहायता की घोषणा की है।रिपोर्टों के अनुसार, रूपाली बेसरा नामक यह छात्रा आवासीय स्कूल में कथित तौर पर दूषित या बासी भोजन खाने के बाद इलाज के दौरान चल बसी। यह घटना रविवार को तब हुई, जब स्कूल हॉस्टल में रहने वाले 146 लड़के और लड़कियां, हॉस्टल मेस में परोसा गया बासी भोजन खाने के बाद बीमार पड़ गए। बीमार पड़े सभी छात्रों को तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इनमें से 60 छात्रों की हालत गंभीर होने के कारण, उन्हें बेहतर इलाज के लिए बाद में बारीपदा स्थित च्त्ड मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

स्थानीय विधायक और ओडिशा के आवास एवं शहरी विकास मंत्री, डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र ने रविवार देर रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। उन्होंने बीमार छात्रों और उनके चिंतित अभिभावकों से मुलाकात की, डॉक्टरों से बातचीत की और जमीनी हालात का जायजा लिया। मंत्री ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिया कि वे जमीनी स्थिति का निरीक्षण करने के लिए दो अलग-अलग टीमें गठित करें, और उन परिस्थितियों पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें जिनके कारण इतनी बड़ी संख्या में छात्र बीमार पड़े।

# सम्राट चौधरी विधायक दल का नेता चुने गए, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई





रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उनके राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में सुशासन और विकास की दिशा में नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में जनकल्याण की योजनाओं को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

सीएम साय ने अपने संदेश में कहा कि सम्राट चौधरी का संगठनात्मक अनुभव और प्रशासनिक समझ बिहार के विकास कार्यों को गति प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बिहार विकास के नए मानक स्थापित करेगा और राज्य में स्थिर एवं मजबूत नेतृत्व देखने को मिलेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी के भीतर उत्साह का माहौल देखा गया। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इसे संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया है। माना जा रहा है कि इससे बिहार की राजनीति में भाजपा की रणनीतिक स्थिति और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बधाई संदेश में यह भी कहा कि केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता बनाए जाने को पार्टी के संगठनात्मक पुनर्गठन और आगामी रणनीति के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे बिहार में भाजपा की पकड़ और मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में विकास की गति को बढ़ाने के लिए पारस्परिक सहयोग आवश्यक है।

# मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रेल अंडरपास साइट का डीएम के साथ किया निरीक्षण



बामडा : चक्रधरपुर डीआरएम को फोन पर शीघ्र पहल करने का दिया दिशा निर्देशरू बामडारू संबलपुर सांसद सह केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज की जनसभा में बामडा रेल स्टेशन के निकट अंडर पास निर्माण का वादा किया और कार्यक्रम समापन होने पर मंत्री रबीनारायण नायक,संबलपुर डीएम सिद्धार्थ बोलिराम बोंडार, कुचिंडा एसडीएम सर्वानंन सी के साथ रेल अंडरपास साइट का निरीक्षण किया और चक्रधरपुर डीआरएम को इस पर शीघ्र पहल करने का दिशा निर्देश दिया।इस अवसर पर बामडा नागरिक कमिटी महासचिव ज्योति कुमार लाठ,बीजेपी मंडल सभापति बिष्णु अग्रवाल,प्रमोद नायक, पप्पुन सिंह,प्रफुल्ल नायक समेत अंचल के गणमान्य उपस्थित थे।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कुचिंडा अनुमंडल में ३७५ करोड़ रूपये का दिया सौगात



बामडा : बामडा मिनी स्टेडियम में आयोजित जनसभा में संबलपुर सांसद सह केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ३७५ करोड़ रुपए के ७० प्रकल्पों का भूमि पूजन और लोकार्पण कर ओड़िया नव वर्ष एवं संविधान प्रणेता भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कुचिंडा विधानसभा क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है।प्राय १०८ करोड़ ३३ लाख रुपए के ३६ प्रकल्पों का उद्घाटन और २६७ करोड़ ३ लाख रुपए के ३६ प्रकल्पों का शिलान्यास किया था मंत्री प्रधान ने।धर्मेंद्र प्रधान ने नव गठित बामडा विज्ञापित अंचल को साफ सुथरा रखने के लिए कचरा ढोने वाली तीन गाड़ियों का झंडी दिखाकर शुभारंभ किया था और ओड़िया नववर्ष को बामडा विज्ञापित अंचल का स्थापना दिवस के रूप में मनाने का सुझाव रखा। मंत्री प्रधान ने कुचिंडा में ५३ करोड की लागत में १०० बिस्तर वाला हॉस्पिटल और ६ करोड़ लागत में बनने वाली नई एनएसी कार्यालय का भूमि पूजन और २ कल्याण मंडप का लोकार्पण किया।अगले गर्मी तक कुचिंडा अनुमंडल में पाइप से घर घर पानी पहुंचाने में राज्य प्रथम

# मुंबई में ड्रग ओवरडोज से दो एमबीए छात्रों की मौत, इवेंट मैनेजमेंट समेत छह गिरफ्तार

मुंबई के गोरेगांव स्थित एनईएसको सेंटर में देर रात हुए एक संगीत कार्यक्रम में कथित तौर पर हुई दुर्घटना के बाद मुंबई पुलिस ने गहन जांच शुरू कर दी है। इस दुर्घटना में दो छात्रों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतकों की पहचान 24 वर्षीय महिला और 28 वर्षीय पुरुष के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर मुंबई के एक प्रतिष्ठित एमबीए कॉलेज के छात्र थे। 25 वर्षीय महिला की हालत गंभीर है और पास के अस्पताल के आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। माना जा रहा है कि यह घटना 11 अप्रैल को कॉलेज के छात्रों के एक बड़े समूह द्वारा आयोजित संगीत कार्यक्रम के दौरान हुई। प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि कुछ लोगों ने नशीले पदार्थों का सेवन किया होगा, संभवतः एमडीएमए, हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इसमें शामिल सटीक पदार्थ की पुष्टि फोरेंसिक विश्लेषण के बाद ही की जाएगी।लगभग आधी रात को कई लोगों को सांस लेने में गंभीर कठिनाई होने लगी। आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया और प्रभावित लोगों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# ओड़िशा के राज्यपाल ने महाविषुभ संक्रांति पर दी शुभकामनाएं



भुवनेश्वर : ओडिशा के गवर्नर हरि बाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी समेत कई दूसरे लोगों ने मंगलवार को 'महा बिशुबा संक्रांति' या ओडिया नए साल और भगवान हनुमान जयंती के मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर शुभकामनाएं देते हुए, कंभमपति ने ग पर लिखा, "ओडिशा के प्यारे भाइयों और बहनों को ओडिया न्यू ईयर और पवित्र महाविषुबा संक्रांति के मौके पर दिल से बधाई और बधाई। यह पवित्र त्योहार हमारी संस्कृति की शान, हमारी परंपराओं की सुंदरता और ओडिया पहचान के गौरव को दिखाता है। आइए, इस नए साल में हम सब मिलकर, एकता, लगन और कड़ी मेहनत से ओडिशा को तरक्की के शिखर पर पहुंचाएं। महाप्रभु श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। सभी का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरा रहे – यही मेरी दिल से कामना है।" अपने संदेश में, ब्ड माझी ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पवित्र अवसर और नया साल लोगों की सामूहिक ताकत को ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत को और समृद्ध करने और ओडिया पहचान के गौरव को बनाए रखने के लिए प्रेरित करे। "ओडिया न्यू ईयर और महा बिशुबा संक्रांति के इस पवित्र मौके पर, मैं सभी को दिल से बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह नया साल आपकी जिंदगी में खुशियां, शांति और खुशहाली लाए, और यह हमें ग्लोबल लेवल पर अपनी संस्कृति और ओडिया पहचान को और सम्मान देने के लिए नई ताकत दे," माझी ने ग पर लिखा। विपक्ष के नेता और बीजू जनता दल (ठश्रक) के प्रेसिडेंट नवीन पटनायक ने भी इस मौके पर लोगों को शुभकामनाएं दीं।


**MCL** | **महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**

(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओड़िशा
फोन-(इपिएबिएक्स) : 0663-2542461 to 469
वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in / सम्बन्धित अनुषंगी कम्पनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

R-5295



**उत्कल मेल प्रकाशनी प्रा. लि. की ओर से पीतवास मिश्र द्वारा महावीर प्रिंटर्स, सी/२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट, राउरकेला-७६९००४ से मुद्रित व प्रकाशित.**

प्रधान संपादक
**श्रीमती रीता मिश्र**

सम्पादक
**डॉ. पीतवास मिश्र**

संयुक्त सम्पादक
**डॉ. सुशील दाहिमा**

प्रबंध सम्पादक
**मनस्विनी मिश्र**

**संपादकीय कार्यालय**
सी-२३/१, इंडस्ट्रीयल इस्टेट,
राउरकेला - ७६९०१२, ओड़िशा
फोन : २४०१९४९ (कार्यालय)
फैक्स : (०६६१) २४०१३३२

E-mail
utkalmailnews@gmail.com


# फर्जी मैट्रिमोनियल साइट के नाम पर साइबर फ्राड उजागर, २६ आरोपी गिरफ्तार



रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में फर्जी मैट्रिमोनियल साइट के नाम पर चल रहे बड़े साइबर ठगी गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। साइबर पुलिस ने लोक सेवा केंद्र और शिक्षा सोसायटी की आड़ में संचालित इस संगठित नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए दो संचालकों समेत कुल 26 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह देशभर के लोगों को शादी के नाम पर फंसाकर लाखों रुपये की ठगी कर रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह पूरा नेटवर्क रायगढ़ के दरोगापारा क्षेत्र में संचालित हो रहा था, जहां बाहरी रूप से आरटीओ और दस्तावेज संबंधी कार्य दिखाया जाता था, लेकिन अंदर अलग-अलग कमरों में फर्जी मैट्रिमोनियल साइट और कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा था। यहां पर युवतियों के माध्यम से लोगों से संपर्क कर उन्हें शादी के नाम पर झांसा दिया जाता था और रजिस्ट्रेशन फीस, मीटिंग फीस तथा अन्य बहानों से यूपीआई के जरिए पैसे वसूले जाते थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एडिशनल एसपी अनिल सोनी, सीएसपी मयंक मिश्रा और साइबर थाना टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान मौके से 55 मोबाइल फोन, 13 लैपटॉप, 2 प्रिंटर और 3 बैंक खातों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए। पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि आरोपियों ने फोटोशॉप और अन्य तकनीकों का इस्तेमाल कर फर्जी दस्तावेज और सरकारी सील-मुहर तैयार की थीं। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा खुलासा यह हुआ कि वर्ष 2022 से अब तक इस गिरोह ने करीब 7,693 लोगों को ठगी का शिकार बनाया और लगभग 1 करोड़ 11 लाख 36 हजार रुपये की अवैध वसूली की। गिरोह के सदस्य फर्जी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और यूट्यूब चौनलों के जरिए नकली प्रोफाइल बनाकर लोगों से संपर्क करते थे और उन्हें भरोसे में लेकर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि मुख्य आरोपी कपिल गर्ग पहले लोक सेवा केंद्र से जुड़ा था, लेकिन उसकी आईडी निरस्त होने के बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर यह संगठित साइबर फ्रॉड नेटवर्क तैयार किया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-नीलामी नोटिस**

उपरोक्त के संदर्भ में रायपुर मंडल से कमाई और पट्टे के ठेकों के लिए ई-नीलामी निम्नानुसार आमंत्रित की गई है:

| Sr. No. | Assets Description | Auction Date | Auction Time | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भाटापारा रेलवे स्टेशन पर 2550 वर्ग फुट के क्षेत्र में दोपहिया वाहन पार्किंग स्टैंड के लिए निविदा । | 22.04.2026 | 14:00 | 14:30 |
| 2 | भिलाई नगर स्टेशन पर 5000 वर्ग फुट के क्षेत्र में 'स्टडी ज़ोन' के संचालन और स्थापना के लिए निविदा। | 22.04.2026 | 14:00 | 14:30 |
| 3 | सरस्वती नगर स्टेशन पर 5000 वर्ग फुट के क्षेत्र में 'स्टडी ज़ोन के संचालन और स्थापना के लिए निविदा । | 22.04.2026 | 14:00 | 14:40 |
| 4 | रायपुर रेलवे स्टेशन पर 60 वर्ग फुट क्षेत्रफल में एक स्मारिका / उपहार की दुकान के लिए निविदा। | 24.04.2026 | 15:00 | 15:30 |
| 5 | भिलाई MEMU कार शेड में यात्री सेवाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले 17 MEMU रेकों की पूरी बाहरी दीवारों पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से विज्ञापन अनुबंध के लिए निविदा (5 वर्ष की अवधि के लिए) | 24.04.2026 | 15:00 | 15:30 |

सभी ई-नीलामी अधिसूचना का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

**मंडल वाणिज्य प्रबंधक,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर**

PR/R/SR.DCM/AAA/23

South East Central Railway @secrail